### एक नजर में

#### रामलीला का समापन

**मुंगावली।** श्री राम सिद्ध कला परिषद द्वारा आयोजित भव्य रामलीला महोत्सव का आज भगवान राम के राजतिलक के सुंदर दृश्य के साथ समापन हो गया। परिषद के सचिव पीयूष पाराशर ने बताया कि आरती के पश्चात लीला के अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। रामलीला के अंतिम दिन राम और रावण के बीच अत्यंत शानदार युद्ध का मंचन किया गया। युद्ध में बार-बार प्रयास करने के बावजूद जब रावण नहीं मरता, तब विभीषण द्वारा राम को रावण की नाभि में अमृत होने की बात बताई जाती है। इसके बाद राम नाभि पर प्रहार करते हैं और राम-राम कहकर रावण धरती पर गिर जाता है। रावण के अंतिम क्षणों में राम ने लक्ष्मण को उससे नीति शास्त्र का ज्ञान लेने के लिए भेजा। रावण ने शिक्षा देते हुए कहा कि अच्छा काम जितनी जल्दी हो सके करें और गलत काम जितना टाल सकें, उतना टालें। यह शिक्षा देने के बाद रावण राम-राम कहते हुए स्वर्ग सिधार गया। भगवान राम के राज तिलक का बहुत ही सुंदर सीन तैयार किया गया, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद लिया।

**मुंगावली विधायक की ओर से पुरस्कार वितरण**

समापन समारोह में मुंगावली विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव की ओर से सभी कलाकारों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजपाल यादव, कैप्टन हर्षित शर्मा (भारतीय सेना) और एसडीओपी विवेक शर्मा रहे। अतिथियों का स्वागत लीला के निर्देशक अनिल शर्मा द्वारा किया गया। रात देर तक लोगों ने इस भव्य लीला का आनंद लिया। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष शीतल संधू, विजय बेरागी, संजय रघुवंशी, देवेंद्र रघुवंशी, विनोद सोनी, सुरेंद्र ओझा, ऋषि त्रिपाठी, पवन शर्मा, बंधु शर्मा, मोहन नामदेव, राहुल साहू, लक्ष्मण बघेल, नीरज पटेल और राहुल शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर पर बिजली विभाग की प्रेस कॉन्फ्रेंस

## भारी विरोध के बाद कंपनी ने गिनाए फायदे अनेक, जनता में अब भी संशय

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर 19 नव. का। जिले में स्मार्ट मीटरों को लेकर चल रहे भारी विरोध और उपभोक्ताओं में व्याप्त असंतोष के बीच, बुधवार को बिजली विभाग ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस दौरान विभाग ने स्मार्ट मीटर को लेकर जनता के बीच फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद लोगों में अभी भी पूरी तरह विश्वास नहीं बन पाया है। कंपनी निरंतर स्मार्ट मीटर लगाने पर फोकस कर रही है, लेकिन व्यापक जन जागरूकता का अभाव साफ दिखता है।**




जनरल मैनेजर सीके पवार ने बताया कि उपभोक्ताओं को पारदर्शिता और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए स्मार्ट मीटर की शुरूआत की गई है। विभाग स्मार्ट मीटर: एक मीटर फायदे अनेक के नारे पर काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर के बारे में कुछ अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जबकि इसके कई फायदे हैं।

**विभाग द्वारा बताए गए मुख्य फायदे**

बिल सीधे मोबाइल फोन पर आएगा, जिससे मीटर रीडिंग की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और बिलों में त्रुटि की संभावना खत्म हो जाएगी। मोबाइल फोन पर उपाय ऐप के माध्यम से उपभोक्ता को बिजली खपत और बिल से संबंधित सभी जानकारी वास्तविक समय में प्राप्त होगी, जिससे वे ऊर्जा खपत को नियंत्रित कर सकते हैं।

**नेट मीटरिंग लाभ**

स्मार्ट मीटर के साथ सोलर सिस्टम लगाने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा और दिन के समय बिजली खपत पर 20 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। ट्रांसफार्मर में खराबी की जानकारी विभाग को समय पर मिल जाएगी।

**जांच और संतुष्टि का आश्वासन**

पवार ने बताया कि मीटर बनने के स्थान पर भी उनकी जांच की जाती है और परीक्षण के बाद ही उन्हें उपयोग में लाया जाता है। उन्होंने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि यदि किसी को मीटर तेज चलने की शिकायत होती है, तो एक प्रमाणित मीटर लगाकर उसकी जांच की जाएगी और उपभोक्ता को संतुष्ट किया जाएगा। स्मार्ट मीटर को ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने, नियंत्रित करने और बचाने में सहायक बताते हुए उन्होंने कहा कि यह बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में त्रुटि की गुंजाइश नहीं रहती और उपभोक्ता अपनी ऊर्जा खपत को नियंत्रित कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, विभाग ने लंबित बिलों के निपटारे के लिए समाधान योजना के बारे में भी जानकारी दी, जिसके तहत बिलों में तीन चरणों में छूट प्रदान की जा रही है।

### सरकारी जमीन पर कब्जे और अवैध गतिविधियों का आरोप

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ कस्बे में एक बहुमूल्य सरकारी जमीन पर असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा किए जाने और अवैध गतिविधियां संचालित करने का गंभीर मामला सामने आया है।

स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में बुधवार को कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा और जमीन को तुरंत खाली कराने की मांग की। हौज खास के पास सरकारी भूमि पर अवैध कब्जाकलेक्टर कार्यालय को दिए गए ज्ञापन में नागरिकों ने बताया कि ईसागढ के परेखा नामक स्थान पर बहुत बडे रकबे में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। इस भूमि का उपयोग असामाजिक तत्वों द्वारा किया जा रहा है और यहाँ अवैध रूप से भट्टियां चलाई जाती हैं, जिसके कारण आस-पास का युवा वर्ग दारू की चपेट में आता जा रहा है, जिससे माहौल खराब हो रहा है।महत्वपूर्ण भूमि- ज्ञापन में बताया गया है कि यह जमीन सरकारी कार्यालयों जैसे खेल मैदान, हेलीपैड, कॉलेज, स्कूल के लिए बहुत उपयोगी है। यह भूमि ईसागढ मुख्यालय से महज 1 किमी की दूरी पर स्थित है, जिसका रकबा नं. 1198/1199 है और यह लगभग 76 बीघा है। नागरिकों ने आरोप लगाया है कि जिले भर में सरकारी भूमि की



जिस तरह से देखरेख की जा रही है, उससे यह साफ है कि यह कब्जा प्रशासन की नाक के नीचे हुआ इतना बडा सरकारी भूमि का है। उन्होंने सवाल उठाया है कि जो लोग कब्जा कर रहे हैं, उन पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। ज्ञापन में बताया गया है कि जिन लोगों ने कब्जा किया है, उनके खिलाफ दारू के एवं अन्य प्रकरण भी चल रहे हैं, जिससे कोई भी व्यक्ति उन लोगों की शिकायत करने से डरता है। नागरिकों ने कलेक्टर से भूमि को तुरंत रूप से खाली करवाने का निवेदन किया है।



## देहात पुलिस की त्वरित कार्रवाई, सिर्फ 4 घंटे में अपहृत नाबालिग दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार 1 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक चल रहे मुस्कान अभियान के तहत, अशोकनगर पुलिस ने एक त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को न सिर्फ मात्र 4 घंटे में दस्तयाब किया, बल्कि दुष्कर्म के आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

19 नवंबर 2025 को फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग बेटी के अपहृत होने की सूचना थाना देहात में दी गई थी, जिस पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया गया। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहृता को मात्र चार घंटे के भीतर ग्राम बमूरिया से संदेही अज्जू कोरी के कब्जे से बरामद कर दस्तयाब किया। पूछताछ में पी?िता ने बताया कि आरोपी अज्जू कोरी उसे शादी करने का झांसा देकर भगाकर ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण में धारा 96, 64(2) बीएनएस और 51/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया। आरोपी अज्जू कोरी को तत्काल गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा, उप निरीक्षक सोनम यादव, सउनि कमल सिंह पटेलिया, प्रधान आरक्षक नीरज रघुवंशी, प्रधान आरक्षक सूरज हर्षाना, प्रधान आरक्षक दिनेश गर्ग, महिला आरक्षक मेघाराजा बुंदेला, व महिला आरक्षक रश्मि शाक्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर ने इस सराहनीय कार्य के लिए टीम की सराहना करते हुए पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## चंदेरी में हिंदू समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### लैंड जिहाद के माध्यम से सरकारी भूमि पर कब्जा

**चंदेरी।** चंदेरी नगर में बहुमूल्य सरकारी भूमि पर लगातार हो रहे अवैध कब्जों को लेकर समस्त हिंदू समाज ने आज कलेक्टर महोदय, अनुविभागीय अधिकारी चंदेरी, और तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। हिंदू समाज ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को लेकर प्रशासन के रवैये पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।



ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि हौज खास और उसके आसपास सहित संपूर्ण चंदेरी में जगह-जगह सरकारी भूमि पर कथित रूप से %लैंड जिहाद% के माध्यम से कब्जा किया जा रहा है। हिंदू समाज ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रशासन को इसकी संपूर्ण जानकारी है, इसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। समस्त हिंदू समाज ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को फिर से चेतावनी दी है कि वे इन अवैध कब्जों को तत्काल हटाएँ। इस गंभीर मामले को लेकर नगर के हिंदू समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन देने वालों में समस्त हिंदू समाज के प्रतिनिधि शामिल थे, जिनमें विभाग संगठन मंत्री योगी, जिला सहसंयोजक डॉ. दशरथ सिंह, प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, सह मंत्री सुरेश शर्मा, सहसंयोजक शिवम कोहली, सुरक्षा प्रमुख भारत कुशवाह और समस्त नगरवासी मौजूद थे।

## दो वर्ष पहले लटकाया सीएम राइज का तमगा, नाम के अलावा कुछ बदला ही नहीं

**बहादुरपुर।** कस्बे में मुख्य मार्ग पर करीब दो बीघा जमीन में शासकीय शैक्षणिक परिसर बना हुआ है। जिसमें बालक प्राथमिक विद्यालय, कन्या प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित होते हैं। एक शाला एक परिसर की नीति के तहत इस परिसर में संचालित सभी विद्यालयों को एकीकृत कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम दे दिया गया था। दो वर्ष पहले इसे सीएम राइज स्कूल बना दिया गया, जबकि कुछ महीनों पहले सभी सीएम राइज स्कूलों का नाम बदलकर सांदीपनी विद्यालय रख दिया गया। इस तरह से इस विद्यालय का अब तक तीन बार नाम बदला जा चुका है, जबकि हकीकत में नाम के अलावा विद्यालय में सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं बदला।




इस विद्यालय में कक्षा एक से बारह तक कुल 1476 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। शिक्षा की गुणवत्ता अच्छी होने से उपस्थिति भी 90 प्रतिशत से अधिक रहती है। विद्यालय प्रबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती कक्षाओं को सुचारू संचालित करना है क्योंकि यहां केवल 20 कमरे हैं, जिनमें कक्षाएं लगाई जा सकती हैं। प्रबंधन द्वारा काफी गुणा भाग कर तीन पालियों में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। जिनमें सुबह सात बजे से दोपहर बारह बजे तक कक्षा 6, 7 एवं 8, सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक कक्षा एक से पांच और कक्षा 10 एवं 12। इसके बाद दोपहर बारह बजे से शाम 5 बजे तक कक्षा 11 एवं 12 की कक्षाएं संचालित होती हैं। विद्यालय के प्राचार्य रविशंकर शर्मा बताते हैं कि कक्षा 6,7 एवं 8 में कुल 323 विद्यार्थी हैं। जिनके लिए 6 कमरों में पढ़ाई कराई जाती है। जब यह कमरे खाली हो जाते हैं तो कक्षा 11 एवं 12 के 336 विद्यार्थियों को बुलाया जाता है। वहीं शेष 817 विद्यार्थियों के लिए सुबह दस बजे से दोपहर चार बजे तक 14 कमरों में कक्षाएं संचालित हैं।

**संदीपनी विद्यालय के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया एक वर्ष पहले पूरी**

कलेक्टर अशोकनगर द्वारा संदीपनी विद्यालय के नवीन भवन के लिए 4 सितंबर 2024 में बहादुरपुर मौजा की सर्वे नंबर 8/4/2 कुल रकबा 5.000 हेक्टेयर में से 2.090 हेक्टेयर भूमि आवंटित कर दी है। हालांकि यह भूमि सुरक्षित नहीं है, राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए के निर्माणाधीन बायपास पर होने के कारण इस भूमि पर अवैध कब्जाधारियों की नजर है। कस्बे के नागरिकों ने मांग की है कि इस भूमि को प्रशासन द्वारा सुरक्षित किया जाकर भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए।

## सड़क दुर्घटनाओं में जीवन बचाने की पहल, दिया सीपीआर प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** सडक सुरक्षा को मजबूत करने और दुर्घटनाओं में घायल लोगों का जीवन बचाने के लिए, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर आमजन को सीपीआर/बीएलएस का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। थाना प्रभारी यातायात और रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर द्वारा आज ब्लैक स्पॉट मेटो पेट्रोल पंप, ईसाग? रोड पर आमजन और आसपास के दुकानदारों को यह प्रशिक्षण दिया गया। इससे पहले, ब्लैक स्पॉट अनंत कॉलेज, गुना रोड पर भी स्थानीय लोगों को इसी प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण के दौरान, गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को चिकित्सीय




सहायता मिलने से पहले मौके पर दी जा सकने वाली प्राथमिक जीवनरक्षक तकनीकों (बेसिक लाइफ सपोर्ट) का अभ्यास कराया गया। इस दौरान लोगों को गोल्डन आवर के बारे में बताया गया। गंभीर चोट लगने के बाद शुरूआती एक घंटा सबसे महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी अवधि में शीघ्र चिकित्सा सहायता मिलने पर घायल व्यक्ति की जीवन रक्षा की सबसे अधिक संभावना रहती है।

**राहवीर योजना के तहत 25 हजार का पुरुस्कार**

प्रशिक्षण में राहवीर योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस योजना का उद्देश्य सडक दुर्घटना के पीडितों की मदद करने हेतु आम नागरिकों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना है। दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तत्काल मदद करने वाले प्रत्येक राहवीर के लिए सरकार द्वारा 25,000 रुपए तक की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार, थाना प्रभारी यातायात स्नेहा ठाकुर द्वारा जिले में चिन्हित सभी ब्लैक स्पॉट्स पर निरंतर रूप से यह सीपीआर/बीएलएस प्रशिक्षण की कार्यवाही की जा रही है।

ताकि सडक दुर्घटना के बाद प्रारंभिक क्षणों में ही आमजन प्रभावी रूप से जीवनरक्षक सहायता प्रदान कर सकें।

### पराली प्रबंधन को प्रोत्साहन

**अशोकनगर।** जिले में कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश और मार्गदर्शन में पराली प्रबंधन हेतु सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे कृषि यंत्रों के प्रचार-प्रसार और अनुदान पर वितरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। 1.20 लाख की सब्सिडी से किसान को मिला सुपर सीडरइसी क्रम में मुंगावली विकासखंड के ग्राम बिल्हेरू निवासी किसान चन्द्रभान सिंह ने ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने के उपरांत मेसर्स खुराना मोटर्स अशोकनगर के माध्यम से सुपर सीडर यंत्र क्रय किया है। इस यंत्र पर किसान को 1,20,000 की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

## स्वामी विवेकानंद विद्यालय में मुस्कान अभियान का आयोजन

**अशोकनगर।** महिला सुरक्षा शाखा, मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान विशेष अभियान के तहत आज स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी विद्यालय में महिला सुरक्षा पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान थाना देहात से थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा और बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा ने छात्राओं को महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराधों और कम उम्र में बालिकाओं को बहला फुसलाकर ले जाने वाले लोगों से सुरक्षित




रहने के उपाय साझा किए। उन्होंने बालिकाओं को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने के लिए प्रेरित किया। वहीं, बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने विद्यालय की बालिकाओं को परिवार एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्ण पालन करने और हमेशा अपराधों के प्रति सजग एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। अंत में, विद्यालय के संस्थापक महेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दोनों वक्ताओं का आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम का समापन हुआ।

## 1031 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन, 63 लाख का सरचार्ज माफ

**अशोकनगर। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड भोपाल द्वारा 3 नवंबर से शुरू की गई समाधान योजना 2025-26% का लाभ हजारों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। अशोकनगर वृत्त में इस योजना को अच्छा प्रतिसाद मिला है, जहाँ अब तक कुल 1031 उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है।**

### समाधान योजना को मिल रहा प्रतिसाद

समाधान योजना के तहत अशोकनगर वृत्त में कंपनी के खाते में 1 करो? 15 लाख रुपए की मूल राशि जमा हुई है, जबकि बकायादारों का 63 लाख रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है। पूरी कंपनी कार्यक्षेत्र की बात करें तो, समाधान योजना 2025-26 में अब तक 39 हजार 581 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 48 करो? 88 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 26 करो? 98 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल हों और सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएँ। उन्होंने कहा कि यह योजना उन उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

### जनभागीदारी अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री के सामने रखी थी मांग, पीडब्ल्यूडी कराएगा निर्माण कार्य

# एक माह के भीतर ही स्वीकृत हुई कॉलेज की बाउंड्री वॉल

नवभारत न्यूज

**मुंगावली। जनभागीदारी के अध्यक्ष दीपक पालीवाल द्वारा नगर के महाविद्यालय की कई समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समझ कई मांगे रखी थी, जिनमें प्रमुख मांग महा विद्यालय की बाउंड्री वॉल की थी जिसको केंद्रीय मंत्री द्वारा एक माह के भीतर ही स्वीकृत करा दी गई ओर यह निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराया जायेगा।**

जिसके लिए शासन स्तर से 90 लाख रुपए से ऊपर की राशि स्वीकृत की गई है जिसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा, मंगलवार को इसके निर्माण के लिए जनभागीदारी अध्यक्ष दीपक पालीवाल ने इसके निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण




किया गया ओर पूरी कॉलेज परिसर की जमीन को किस तरह पुख्ता कराया इस बारे में चर्चा की गई दीपक पालीवाल ने बताया कि में जब से जनभागीदारी अध्यक्ष बना हु कॉलेज में कई चीजों की कमी थी जिसका एक एक कर दूर किया जा रहा है सबसे पहले महा विद्यालय के परिसर में वृक्षारोपण कराया गया। और उनकी तार फेंसिंग कराई गई, छात्र छात्राओं के प्रसाधन की मरम्मत कराना, नल फिटिंग ओर बोर कराना, छात्र छात्राओं के बैठक में लिए फर्नीचर की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, महा विद्यालय के मुख्य गेट का निर्माण कार्य, सीमांकन कराना के साथ महा विद्यालय में अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी ओर स्वामी विवेकानंद जी मूर्ति को स्थापना कराना शामिल है कॉलेज परिसर लगी मूर्तियां की प्रशंसा तो क्षेत्र के लोग भी कर रहे है क्योंकि यह मूर्तियां आकर्षक ओर खड़े में बनाई गई है, ओर भव्यता देने के लिए भी बनाया गया है ओर उनकी सुरक्षा के लिए राजस्थान के पत्थर के कारीगरों द्वारा बनवाया गया है जिसकी प्रशंसा केंद्रीय मंत्री द्वारा तारीफ भी की गई थी वहीं अभी उनके द्वारा कुछ मांगे ओर रखी है जिनका होने अभी शेष है, जिनमें विद्यालय में स्नातक स्तर पर समाज शास्त्र, संस्कृत, भूगोल, एवं स्नातकोत्तर, स्तर पर एमए, अंग्रेजी, इतिहास अर्थशास्त्र, एमएससी, प्रारंभ कराना, खेल कूद के लिए मैदान की व्यवस्था, नव निर्मित भवन को हैंडओवर कराना, तहसील में कृषि महा विद्यालय प्रारंभ कराना, आदि मांगे रखी जिनका पूरा होना अभी शेष है।

**केंद्रीय मंत्री के एक माह के अंदर कराई स्वीकृत**

महा विद्यालय में अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी ओर स्वामी विवेकानंद की मूर्ति के लोकार्पण के लिए पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समझ जनभागदारी अध्यक्ष दीपक पालीवाल द्वारा बाउंड्री वॉल की मांग रखी गई थी जिसपर एक माह के अंदर ही राशि स्वीकृत कराकर दे दी गई है जिसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा साथ ही इस मौके पर दीपक पालीवाल द्वारा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ओर क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव का आभार व्यक्त किया है।

## एसआईआर : अशोकनगर में 37 .46 कार्य पूर्ण

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में मध्य प्रदेश के समस्त कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक ली गई। आयोग ने चल रहे पुनरीक्षण की जिलेवार प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन की विशेष रूप से जानकारी प्राप्त की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने जिले में कराई गई मैपिंग और डिजिटाइजेशन की प्रगति से आयोग को अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि अशोकनगर जिले में आज की तारीख तक डिजिटाइजेशन का कार्य 37.46 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।